कार्यालय – अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–208002

पत्रांक: 218 / अ0छा0क0 / 2021 दिनाँक: 08 / 10 / 2021

–: सूचना :–

शैक्षिक सत्र 2020–21 में छात्रों द्वारा छात्रावासों की सुविधाओं का उपभोग सीमित समय तक ही किये जाने पर छात्रों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदनोपरांत प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों को छात्रावास शुल्क के मद में रूपये 8,000/– (रूपये आठ हजार मात्र) तथा तृतीय वर्ष एवं चतुर्थ वर्ष के छात्रों को रूपये 7,000/– (रूपये सात हजार मात्र) को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः शैक्षिक सत्र 2020–21 में छात्रावासों का उपभोगकर्ता छात्रों से अपेक्षा है कि छात्र अपने नाम, पिता का नाम, पाठ्यक्रम वर्ष, बैंक का नाम, खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित संकलित सूची अपने–अपने वार्डेन के माध्यम से दिनांक 12.10.2021 तक अनिवार्य रूप से अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे धनराशि वापसी की कार्यवाही की जा सके।

(प्रो० सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

प्रतिलिपि –: निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित,

1. कुलसचिव, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
2. वित्त नियत्रंक, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
3. सह० अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
4. समस्त छात्रावास अधिरक्षक, एच.बी.टी.यू., कानपुर।
5. सिस्टम मैनेजर, एच.बी.टी.यू.,कानपुर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. स्टाफ ऑफीसर, कुलपति कार्यालय को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

(प्रो० सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

Scanned with CamScanner